www.xtrapapers.com

UNIVERSITY OF CAMBRIDGE INTERNATIONAL EXAMINATIONS
General Certificate of Education Ordinary Level

**HINDI** **3195/02**

Paper 2 Language Usage and Comprehension **October/November 2009**

**1 hour 30 minutes**

Additional Materials: Answer Booklet/Paper

*7652661326*

**READ THESE INSTRUCTIONS FIRST**

Write your Centre number, candidate number and name on all the work you hand in.
Write in dark blue or black pen on both sides of the paper.
Do not use staples, paper clips, highlighters, glue or correction fluid.

Answer **all** questions.

At the end of the examination, fasten all your work securely together.
The number of marks is given in brackets [ ] at the end of each question or part question.

This document consists of **9** printed pages and **3** blank pages.

UNIVERSITY of CAMBRIDGE
International Examinations



www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## Section A
## खंड 'क'

**A1 Combination/Separation of Words** [10]
**संधि**

निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए और अपने उत्तर दी गई उत्तर-पत्रिका में लिखिए।

1 मत+ अनुसार

2 पर + उपकार

3 यत + इन्द्र

4 निः + सन्देह

5 रजन + ईश

**A2 Idioms, Proverbs and Words in Pairs** [10]
**मुहावरे , लोकोक्तियाँ और सह-प्रयोग**

निम्नलिखित वाक्यों में भरने के लिए नीचे दिए मुहावरों, लोकोक्तियों और सह-प्रयोगों में से उपयुक्त मुहावरे, लोकोक्तियाँ और सह-प्रयोग चुनिए और उन्हें उत्तर-पत्रिका में लिखिए।

6 रमेश अपनी नौकरी में तरक्की पाने के लिए अपने बॉस की ________________ रहता है।

7 जब आदमी ____________काम से आए तो उसे एक प्याला चाय चाहिए।

8 रानी पत्र कैसे पढ़ेगी उसके लिए तो ____________है।

9 देव के पिता जी उसे इतना समझाते रहे यदि वह उनकी बात पर ______________ तो आज कुछ बन जाता।

10 _____________तो उस ऊपर वाले के हाथ में है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | कान देना | (6) | हाँ में हाँ मिलाना |
| (2) | अपना उल्लू सीधा करना | (7) | रात दिन एक करना |
| (3) | खाना-कपड़ा | (8) | एक हाथ से ताली नहीं बजती |
| (4) | थका-हारा | (9) | जीवन-मृत्यु |
| (5) | काला अक्षर भैंस बराबर | (10) | आँसू पोंछना |

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## A3 Sentence Transformation
**वाक्य रुपान्तरण**

निम्नलिखित अधूरे वाक्यों को इस तरह पूरा कीजिए कि उनका अर्थ ऊपर दिए वाक्यों से भिन्न न हो। अपने उत्तर दी गई उत्तर–पत्रिका में लिखिए।

**11** मोहन इस वर्ष दसवीं की परीक्षा देगा।
मोहन द्वारा ______________________________।

**12** गाय दूध देती है।
दूध गाय _____________________________________।

**13** रोहन के घर आते ही हम सब जाग उठे।
ज्यों ही _______________________________________।

**14** माता–पिता का कहना मानो।
तुम्हें _____________________________________।

**15** उसने धोबी से कपड़े धुलवाये।
उसके कपड़े ______________________________।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**A4 Cloze Passage**
**क्लोज़ पैसेज**

नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुन कर उनकी संख्या को अपने उत्तर पत्र में लिखिए।

सम्भवत: चावल संसार का सबसे महत्त्वपूर्ण भोजन है। ये ऐशिया के कुछ भागों के लगभग 90 ____16____ भोजन की पूर्ति करते हैं और इनमें पौष्टिकता भी उच्च मात्रा में है। जैसे ही ____17____ की वर्षा खेतों में पानी भरती है इन्हें बोया जाता है और अक्तूबर में जब वर्षा समाप्त हो जाती है और खेत सूख जाते हैं तो इन्हें ____18____ जाता है। इन्हें अत्यधिक उपजाऊ भूमि की आवश्यकता होती है और जहाँ अच्छे हालात प्रबल होते हैं व लम्बे समय तक ____19____ पानी उपलब्ध होता है वहाँ दूसरी बार धान बोना भी सम्भव है। चावल का आसानी से गर्म वातावरण में ____20____ किया जा सकता है। एक और ____21____ यह है कि पानी से भरे धान के खेतों में मछली इकट्ठी की जा सकती है जो मनुष्य के आहार में प्रोटीन और धरती की उपजाऊ शक्ति बढ़ाती है।

तथापि, चावल उगाने के साथ मुसीबतें भी जुड़ी हैं। यह अत्यधिक श्रम वाला कार्य है जिसमें बुआई, घास-पात हटाने और कटाई के लिए हाथ की ____22____ की आवश्यकता है। छोटे किसान तो मुश्किल से अपने गुज़ारे लायक ही चावल ____23____ कर पाते हैं और इसीलिए बेचने के लिए कभी पर्याप्त चावल नहीं होते। कुछ क्षेत्रों में मशीनरी कम होती है तथा ____24____ आवश्यकता से अधिक काम करते हैं। कुछ क्षेत्रों में कम ____25____ के साधन अच्छी फसल के बाद भी बचे हुए धान के व्यापार में विघ्न और संकट के समय भोजन सहायता बांटने में भी बाधा डालते हैं। अंतत: कुछ क्षेत्र सूखे और बाढ़ जैसी त्रासदियों से ग्रस्त होते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| (1) काफ़ी | (6) पशु | (11) बोया |
| (2) सूखा | (7) प्रतिशत | (12) लाभ |
| (3) पक्षियों | (8) नुक्सान | (13) काटा |
| (4) मानसून | (9) मेहनत | (14) यातायात |
| (5) बेचा | (10) संग्रह | (15) पैदा |

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



BLANK PAGE

TURN OVER FOR SECTION B

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## Section B
## खंड 'ख'

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

### लैंगकावी ट्रायथलोन

मलेशियन टापू लैंगकावी पर अभी मुश्किल से ही उजाला हुआ था कि टापू में भौंपू गूंज गया। लैंगकावी ट्रायथलोन नामक कठिन मानसिक व शारीरिक टैस्ट के लिए अचानक सैंकड़ों रबड़ की टोपियां पहने तैराक समुद्र में कूदे। इस दौड़ में शामिल होने की कीमत बहुत अधिक नहीं है और उनके लिए जो ट्रायथलोन के समारोह की तीन क्रियाएं पूरी करने में सफल होते हैं–जो असम्भव लगता है, यहाँ तक कि निष्ठुर कौशल का प्रयत्न अनुभव होता है– वे एक विशेष दल का भाग बन जाते हैं जो उन्हें "लोहपुरुष" कहलाने की अनुमति देता है।

इस प्रकार की अनेक दौड़े संसार में होती हैं परन्तु ढांचा हमेशा एक सा होता है। यहाँ तीन क्रियाएं हैं। प्रतियोगी 3.9 किलोमीटर की तैराकी से आरम्भ करते हैं और पूरे 42.2 किलोमीटर के मैरेथन में दौड़ने से ख़त्म करते हैं। मध्य स्तर में 180 किलोमीटर तक साइकिल चलाना शामिल होता है– ये सब एक ही दिन में करना होता है और वो भी बिना आराम किए।

प्रतियोगी इन अत्यधिक सहनशीलता वाली क्रियाओं में सम्मिलित होने के लिए दूर–दूर से आते हैं तथा सभी प्रकार के नाप, आकार और आयु के होते हैं – कभी–कभी तो सत्तर से अधिक वर्षों की आयु के भी। बेशक यहाँ श्रृष्ट–पुष्ट एथलीट प्रतियोगिता के लिए पंक्तिबद्ध होते हैं परन्तु अधिकतर विकलांग एथलीट भी बड़ी मात्रा में भाग लेते हैं। प्रतियोगियों में से अधिकतर उत्साही लोग हैं : मुनीम, बस–चालक तथा डाक्टर– आप इन सब को इस प्रतियोगिता में शामिल होते पाऐंगे।

दूसरे पड़ाव को शुरु करने के लिए तैराक भोर फूटने तक लैंगकावी टापू से धीरे–धीरे चलते हुए निकलते हैं। रुकने का कोई समय नहीं है। वे खुले शावरों में से दौड़ते हुए जाते–जाते तैराकी की पोशाक बदल कर साइकिल चलाने वाली पोशाक पहन लेते हैं यहाँ तक कि साइकिल पर सवार होकर अपने जूते पहनते हैं। आपको अपनी दौड़ सावधानी से आयोजित करनी होती है। अगर आप तीव्र गति से आरम्भ करते हैं तो आप दौड़ को पूरा नहीं कर पाएंगे विशेषतः लैंगकावी में जहाँ तापमान 30 डिग्री से अधिक होता है और रास्ते के मध्य में पहुँचने से पहले ही हुम्स सहन करना असंम्भव हो जाता है। आपको अधिक पानी पीने की आवश्यकता होती है।

दोपहर होने तक सूर्य के पूरे ताप में दौड़ एक रोमांचकारी अंत तक पहुँच जाती है। जहाँ कुछ धीमी गति से दौड़ने वाले एथलीट अपने साइकिलों पर अपने दूसरे पड़ाव के आस–पास ही चक्र लगाने में संघर्ष कर रहे होते हैं वहीं अधिकतर प्रतियोगी अपनी दौड़ पहले से ही पूरी कर चुके होते हैं। अंधेरा होने के बाद, तेज़ प्रतियोगी बिस्तर में सो रहे होंगे परन्तु कुछ अभी भी टापू की गलियों में दौड़ते हुए संघर्ष कर रहे होंगे। परन्तु केवल दौड़ पूरी कर लेने से ही सभी विजेता बन जाते हैं।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**B5 MCQ Comprehension**
**आशय समझना**

अनुच्छेद के आधार पर **26** से **32** तक प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उत्तर-पत्र में **(1)**, **(2)**, **(3)** या **(4)** चुन कर उचित संख्या लिखिए।

**26** प्रतियोगिता ______________ शुरु हुई।

(1) पूरे अंधेरे में
(2) सांयकाल में
(3) भोर में
(4) सुबह होने के कुछ देर बाद में

**27** लैंगकावी ट्रायथलोन में भाग लेने के लिए आपको ______________________।

(1) तैराकी के दौरान रबड़ की टोपी पहननी पड़ती है
(2) दाख़िले की फ़ीस देनी पड़ती है
(3) लोहपुरुषों के कल्ब से संबंधित होना पड़ता है
(4) मलेशिया का नागरिक होना पड़ता है

**28** लैंगकावी ट्रायथलोन प्रतियोगिता की क्रियाएं निम्नलिखित कम में होती हैं।

(1) तैराकी, दौड़, साइकिल चलाना
(2) दौड़, साइकिल चलाना, तैराकी
(3) दौड़, तैराकी, साइकिल चलाना
(4) तैराकी, साइकिल चलाना, दौड़

**29** बहुत से प्रतियोगी ___________________।

(1) अलग-अलग व्यवसायों से आते हैं
(2) विकलांग होते हैं
(3) सत्तर वर्ष से अधिक आयु के होते हैं
(4) पेशावर एथलीट होते हैं

**30** तैराकी के बाद, प्रतियोगी __________________।

(1) बिना रुके कपड़े बदलते हैं
(2) अपनी तैराकी की पोशाक पहने रहते हैं
(3) थोड़े आराम के बाद चुस्त हो जाते हैं
(4) लम्बे समय तक शावर लेते हैं

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**31** दौड़ को पूरा करने के लिए प्रतियोगियों को ____________।

(1) बहुत अधिक पानी पीने से परहेज़ करना चाहिए
(2) नियंत्रित चाल से शुरु करना चाहिए
(3) पूरी दौड़ के दौरान तेज़ चाल बनाये रखनी चाहिए
(4) बहुत अधिक गर्मी होने से पहले दौड़ ख़त्म कर लेनी चाहिए

**32** दोपहर तक, अधिकतर प्रतियोगी ________________।

(1) बिस्तर में सो रहे होंगे
(2) गलियों में दौड़ रहे होंगे
(3) दौड़ ख़त्म कर चुके होंगे
(4) अभी भी अन्तिम पड़ाव को पूरा कर रहे होंगे

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



BLANK PAGE

TURN OVER FOR SECTION C

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## Section C
## खंड 'ग'

अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

### अंतरिक्ष में किनके

अंतरिक्ष में अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खाना बनाने का पहला नियम है कि ऐसा कुछ भी न पकायें जो खाते समय भुर जाता हो। अंतरिक्ष स्टेशन में कोई भी नहीं चाहता कि किनकों के पीछे भागे।

गंभीरता से सोचें तो यह कहना सच है कि पृथ्वी के लोग यह कम ही सोचते हैं कि अंतरिक्ष-यात्री जो लम्बे समय के लिए, उदाहरणतः **अंतर्राष्ट्रीय** अंतरिक्ष स्टेशन में रहते हैं, वे क्या खाते हैं। लेकिन भोजन के विशेषज्ञ वैज्ञानिक अंतरिक्ष यात्रियों के आहार की चिन्ता तथा कैसे विभिन्न प्रकार का भोजन जुटाया जाये यही सोचने में अत्यन्त समय बिताते हैं। यदि आप 190 दिनों तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहते हैं तो बोरियत एक समस्या होती है। भोजन दिन की सूर्खी बन सकता है और आहार में लगातार बदलाव विभिन्नता लाता है व आपके भावों को प्रदीप्त कर देता है। दाँतों से एक सेब काटना भी बदलाव ला सकता है और चॉकलेट आदि जैसे विशेष भोजन का तो कहना ही क्या।

अंतरिक्ष में, अंतरिक्ष-यात्री न केवल **भारहीन** होने का अनुभव करते हैं जिससे तरल पदार्थ शरीर के निचले भाग से ऊपर की ओर बहते हैं बल्कि उनकी नासिकायें भी बन्द हो जाती हैं जिससे सांस लेने में मुश्किलें पैदा हो सकती हैं। आगे और भी समस्याएं होती हैं जिन में वातावरण में गुरुत्वाकर्षण न होने के कारण व्यक्ति सुद्ध-बुद्ध खो सकता है और उसकी सूंघने की शक्ति कम हो जाती है। नमक व काली मिर्च भोजन को और स्वादिष्ट बनाने में मदद करते हैं परन्तु ये तरल रुप में होने चाहियें। नमक व काली मिर्च के कण साधनों को बन्द कर सकते हैं या अंतरिक्ष यात्रियों के नाक व आँखों में घुस कर अटक सकते हैं। यहाँ तक कि ताज़ा टमाटर भी **समस्याएं** पैदा कर सकता है। पृथ्वी पर व्यक्ति टमाटर दाँत से काट कर खाता है, पर अंतरिक्ष यात्रियों के समूह को ध्यान से काटना पड़ता है। पेय पदार्थों को नली द्वारा पीया जाता है और भोजन इतना गीला अवश्य होना चाहिए कि आपस में चिपका रहे।

शायद यह **आश्चर्य** की बात है कि अंतरिक्ष-यात्री भोजन एक साथ एक ही मेज़ पर खाते हैं। बेशक वे बैठे नहीं होते; वे हवा में तैर रहे होते हैं। वे पैर की अंगुली को किसी चीज़ में फँसा लेते हैं ताकि वे एक स्थान पर स्थिर रहें और बोतलों व बर्तनों को मेज़ से पेटी व वैलेंकरो से बाँध देते हैं।

इस समय, भोजन वैज्ञानिकों के लिए पहली व सबसे बड़ी चुनौती है कि मंगल की साहसिक यात्रा के लिए भोजन कैसे तैयार किया जाये। भोजन लम्बे समय तक रखने वाला होना चाहिए क्योंकि यह यात्रा कोई छोटी नहीं -----लगभग 10 महीने एक तरफ। वैज्ञनिकों का यह भी काम है कि वे ऐसी नई-नई दवाइयाँ खोजें जो भोजन को लम्बे समय तक ख़राब होने से बचा सकें। यहाँ एक और समस्या भी है जिसका नाम है "जल क्रिया" जो कीटाणुओं को बढ़ावा दे सकती है, इसका सामना करने के लिए नई पैकिंग की तकनीक को विकसित करना पड़ेगा।

"अंतरिक्ष में कीटाणुओं से बचाव स्पष्टतः ही एक **प्राथमिकता** है", एक वैज्ञानिक ने नीरसता से बिना किसी मुस्कुराहट के टिप्पणी की।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**C6 OE Comprehension**
**आशय समझना**

यह आवश्यक है कि निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर जहाँ तक संभव हो, अपने शब्दों में दीजिए।

**33** अंतरिक्ष में भोजन की विभिन्नता क्यों महत्त्वपूर्ण है और कौन सी विशेष चीजें विशिष्ट रुप से अंतरिक्ष यात्रियों को प्रिय हैं ?

**34** शारीरिक तौर पर अंतरिक्ष का जीवन अंतरिक्ष यात्रियों को कैसे प्रभावित करता है ? **चार** विवरण दीजिए।

**35** वैज्ञानिक और अंतरिक्ष-यात्री यह कैसे निश्चित करते हैं कि उनका भोजन अंतरिक्ष स्टेशन में कोई समस्या पैदा न करे ? **चार** विवरण दीजिए।

**36** लेखक अंतरिक्ष स्टेशन पर भोजन खाने के समय का क्या विवरण देता है ? **चार** बातें लिखें।

**37** मंगल की यात्रा ने भोजन वैज्ञानिकों के लिए कौन सी विशिष्ट समस्याएं पैदा की हैं और इनका समाधान कैसे किया जा सकता है ?

**38** गद्यांश में कौन से प्रमाण मिलते हैं जिनसे लेखक के मज़ाकिया होने का पता चलता है ? गद्यांश में से **दो** उदाहरण ले कर अपने उत्तर का समर्थन करें।

**C7 Vocabulary** [10]
**शब्दार्थ**

अवतरण के रेखांकित शब्दों को नीचे दिया गया है। इनका अर्थ हिन्दी में लिखिए।

**39** अंतर्राष्टीय

**40** भारहीन

**41** समस्याएं

**42** आश्चर्य

**43** प्राथमिकता

**End of Paper**

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**BLANK PAGE**

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (UCLES) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

University of Cambridge International Examinations is part of the Cambridge Assessment Group. Cambridge Assessment is the brand name of University of

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers